### एक नजर में

**लघु वेतन कर्मचारी संघ ने दिया सहयोग**

**गुना।** कलेक्टर किशोर कन्याल की अपील पर शहर से होकर निकलने वाली गुनिया नदी की सफाई अभियान में जनसहयोग जुड़ने लगा है। लघु वेतन कर्मचारी संघ ने इस अभियान के लिए पांच हजार रुपए की राशि कलेक्टर को सौंपी। संघ के सचिव नितिन पाराशर ने बताया कि गुनिया नदी की सफाई से न केवल शहर स्वच्छ और आकर्षक बनेगा, बल्कि यहां का पर्यावरण भी बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई अभियान में हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है, तभी गुना को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाया जा सकेगा। कलेक्टर कन्याल ने लघु वेतन कर्मचारी संघ के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि गुनिया नदी का सौंदर्यीकरण शहर के विकास में अहम कदम साबित होगा। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि इस अभियान में अधिक से अधिक सहयोग कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आमजनों की समस्याएं

## विभिन्न समस्याओं से संबंधित 190 आवेदन किए गए प्रस्तुत

नवभारत न्यूज

**गुना 2 सितम्बर. जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।**

आज आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनका निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर श्री कन्याल ने दिये, आज इस दौरान लगभग 190 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये, जिनके त्वरित समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।



**स्वास्थ्य सुविधाओं, आधार कार्ड का नागरिकों ने लिया लाभ**

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये है, इसी क्रम में आज जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राहीमूलक योजनाओं में जहां हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया, वही जरूरतमंद परिवारों को तात्कालिक सहायता के रूप में रेडक्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। आज जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर द्वारा विनोद बाल्मीकि निवासी राघौगढ ने आवेदन प्रस्तुत कर इलाज के लिये आर्थिक सहायता की मांग आवेदन प्रस्तुत की गयी थी। जिस पर कलेक्टर कन्याल द्वारा आवेदन विनोद बाल्मीक को 10 हजार रूपये की राशि का चैक प्रदान किया। इस अवसर पर एडीएम अखिलेश जैन, जिपं सीईओ अभिषेक दुबे, एसडीएम शिवानी पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर एवं प्र.सीएमओ मंजुषा खत्री, सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे।


## कॉलोनाइजर और भतीजे पर आम रास्ता कब्जाने की कलेक्टर से शिकायत

**गुना।** जनसुनवाई में मंगलवार को काला पाठा कैंट क्षेत्र के दर्जनों मोहल्लेवासी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर कॉलोनाइजर रामकली बाई जाटव तथा उसके भतीजे रवि जाटव पर आम रास्ते की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया। आवेदकों ने बताया कि वर्ष 2007 में कॉलोनाइजर ने उन्हें प्लॉट बेचते समय यह आश्वासन दिया था कि चारों ओर से आने-जाने के लिए रास्ते उपलब्ध रहेंगे। लेकिन धीरे-धीरे कॉलोनाइजर ने सभी रास्तों की भूमि की रजिस्ट्री करवा ली। अब अंतिम बचे आम रास्ते पर भी अपने भतीजे के नाम से रजिस्ट्री कराकर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। मोहल्लेवालों ने बताया कि उक्त भूखंड सर्वे नंबर 754/1 पर स्थित है और यह पूरी तरह से आम रास्ता है। इसके बावजूद रवि जाटव ने अपनी बुआ से मिलीभगत कर उक्त भूमि को अपने नाम रजिस्ट्री करा ली और अब असामाजिक तत्वों को लेकर वहां कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। यदि यह रास्ता बंद हो गया तो पूरे मोहल्ले में कोई वाहन, स्कूल वैन, कचरा गाड़ी, एम्बुलेंस या शासकीय मशीनें भी प्रवेश नहीं कर पाएंगी। इससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

आवेदकों ने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2022 में जब पास की भूमि का सीमांकन हुआ था, तब कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व टीम ने उन्हें रास्ता दिलाया था। लेकिन अब फिर से मिलीभगत कर अवैध रूप से रास्ते की जमीन रजिस्ट्री कराई गई है और नामांतरण भी करा लिया गया है।

## उरईखता से ताजपुर सड़क निर्माण की मांग सरपंच ने जनसुनवाई में सौंपा ज्ञापन

**गुना।** जनपद पंचायत गुना की ग्राम पंचायत महोदरा के दर्जनों ग्रामीणों ने सरपंच मनीष बारेला के साथ मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उरईखता से ताजपुर तक स्वीकृत सडक का निर्माण शीघ्र कराए जाने की मांग की। ग्रामीण सडक विकास प्राधिकरण के तहत वर्ष 2023 में बमौरी विधानसभा क्षेत्र में 57 सडकों को स्वीकृति दी गई थी। इनमें उई खता से ताजपुर तक 3.55 किलोमीटर लंबी सडक भी शामिल है, लेकिन अब तक उसका निर्माण शुरू नहीं हुआ है। सरपंच ने कहा कि स्वीकृति मिलने के बावजूद सडक न बनने से ग्रामीणों को विशेषकर बरसात में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर अचानक दुर्घटना होने या किसी मरीज की तबीयत बिगड़ने पर एम्बुलेंस तक समय पर नहीं पहुंच पाती, जिससे ग्रामीणों को गंभीर संकट झेलना पड़ता है। जबकि यह मात्र 3.55 किमी की छोटी सडक है, जिसे शीघ्र बनाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग से जानकारी लेने पर हमेशा यही कहा जाता है कि वन विभाग सडक निर्माण की अनुमति नहीं दे रहा है।



## वरिष्ठ भाजपा नेता योगेंद्र लुंबा का जन्मदिन, कार्यकर्ताओं ने दीं शुभकामनाएं

नवभारत न्यूज

**गुना।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य योगेंद्र लुंबा का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, नगरपालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता और वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता उनके कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने लुंबा को फूलमाला पहनाकर, पुष्पगुच्छ और शाल-श्रीफल भेंट कर शुभकामनाएं दीं। आतिशबाजी कर कार्यकर्ताओं ने इस मौके को और भी खास बनाया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने लुंबा के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। लुंबा ने भी नगरपालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता और वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता का आत्मीय स्वागत कर आभार व्यक्त किया। दिनभर उनके कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का तांता लगा रहा, जहां सभी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके मार्गदर्शन में संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया।

## जिले में अब तक 1480 मिमी बारिश दर्ज

**गुना।** जिले में 01 जून से अब तक 1480.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 140.5 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 988.3 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिमी है। 01 जून से 2 सितम्बर प्रात: 8 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 1807.1 मिमी, बमौरी में 1572.4, आरोन में 1230, राघौगढ़ में 1351, चांचौड़ा में 1421, कुम्भराज में 1382 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 1597.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## पीआरआई पदाधिकारियों का दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट

**चांचौड़ा।** ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) की गहन समझ और प्रभावी क्रियान्वयन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट (कार्ड) संस्था द्वारा एक्सिस बैंक फाउंडेशन के सहयोग से दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस यात्रा में परियोजना के कार्यक्षेत्र की 58 ग्राम पंचायतों में से चयनित 9 ग्राम पंचायतों के 37 पदाधिकारी शामिल हुए, जो मंडला जिले के मोहगांव विकासखण्ड का दौरा करेंगे। चांचौड़ा स्थित कार्ड संस्था के क्षेत्रीय कार्यालय से इस दल को ब्लॉक चाचौड़ा के प्रभारी सीईओ कदम सिंह मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की यात्राएं स्थानीय शासन प्रणाली को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने पदाधिकारियों को प्रेरित किया कि वे सफल ग्राम पंचायतों के कार्यकलापों को बारीकी से देखें और उन्हें अपने क्षेत्र में लागू करें। इस विजिट के दौरान सरपंच और पंचायत प्रतिनिधि विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे सफल कार्यों का प्रत्यक्ष अवलोकन करेंगे। साथ ही, प्रमुख गतिविधियों के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को समझेंगे। इस अनुभव से उन्हें अपने क्षेत्र में प्रभावी योजनाओं को अपनाने, ग्रामीण विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने और सहभागी योजना को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।




## नगरपालिका परिषद द्वारा 4 व 5 सितंबर को लगेगा आवास मेला

**गुना।** नगर पालिका परिषद गुना द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्थल जगनपुर चक्क पर आवास मेला का आयोजन दिनांक 4 एवं 5 सितंबर को होगा, इस दौरान प्रधानमंत्री आवास स्थल पर निर्मित एम आई जी व एल आई जी भवनों की बिक्री हेतु पंजीयन करे जाएंगे साथ ही ईडब्ल्यूएस भवन जो कि ब्लॉक क्रमांक 01 से 35 तक पूरी तरह तैयार हो गए हैं, उनके हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया जाएगा, साथ ही ब्लॉक क्रमांक 01 से 35 तक जिन हितग्राहियों ने अपने आवास की राशि जमा नहीं की है, उनसे भी राशि जमा कर उन्हें आवंटन पत्र प्रदान किए जाएंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के एमआईजी अर्थात 3 बीएचके के अधिकांश भवन विक्रय हो चुके हैं तथा एल आई जी भावनों की भी लगातार बिक्री जारी है। शेष भावनाओं की बिक्री हेतु आवास मेले का आयोजन किया जाएगा जहां बैंकर्स भी उपस्थित रहेंगे इसके अतिरिक्त ईडब्ल्यूएस हितग्राहियों को ब्लॉक क्रमांक 01 से 35 तक के भवन आवंटित किए जाएंगे। जिन हितग्राहियों ने तैयार ईडब्ल्यूएस भवनों ( ब्लॉक क्र 01 से 35 तक) की राशि अभी तक जमा नहीं की है, उन्हें अंतिम अंतिम अवसर देकर उनके आवास निरस्त कर अन्य पात्र हितग्राही को आवास आवंटन की कार्रवाही की जाएगी।


## कांग्रेस कार्यकर्ताओं के निवास पहुंचे विधायक जयवर्धन सिंह



नवभारत न्यूज

**आरोन। कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह आरोन ब्लॉक के ग्राम मूडरा खुर्द पहुंचे। उन्होंने अनिल रघुवंशी की मौसी के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिजनों को ढांढस बंधाया।**

इस दौरान पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सोनी, नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश जैन एवं रणजीत सिंह रघुवंशी सहित कई कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी ने 4 सितंबर को गुना में कलेक्टोरेट घेराव करने का ऐलान किया है। आरोन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक तथा कांग्रेस जिलाध्यक्ष जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें जिले के सभी ब्लॉक, मंडल, सेक्टर, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, आईटी सेल सहित विभिन्न प्रकोष्ठों और मोर्चों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। कांग्रेस ने यह आंदोलन कई मुद्दों को लेकर करने का निर्णय लिया है। इसमें अतिवृष्टि और बाढ़ से किसानों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा न दिए जाने, फसल बीमा राशि अब तक न मिलने, स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध और सड ?ों पर गौवंश की उचित व्यवस्था न होने जैसी समस्याएं शामिल हैं। पार्टी ने जिलेभर के कार्यकर्ताओं से अपील की है कि 4 सितंबर को दोपहर 12 बजे हनुमान चौराहा, गुना पर एकत्रित होकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।



## कस्बे में लगाई श्री गणेश की झांकियां

नवभारत न्यूज

**बजरंगगढ़।** गणेशोत्सव के पावन पर्व पर कस्बे में अनेक जगह श्री गणेश की आकर्षण झांकियां लगाई है। इस दौरान गणेशोत्सव की चहल पहल देखने को मिल रही है। बजरंगगढ़ में हर वर्ष गणेशोत्सव का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। बजरंगगढ़ में इस बार छोटे जैन मंदिर के पास,सदर बाजार में गणेश मंदिर, बाईपास वक्र गणेश मंदिर, बजरंगगढ़ टोल, कुम्हार मोहल्ला में गणेश छतरी, घोसी मोहल्ला में श्रीगणेश की झांकी लगाई है। इस दौरान गणेश चतुर्थी पर पांडालों में साज सज्जा व आकर्षित लाइटिंग कर गणेश की झांकी लगाई है, जो कि देखने में बहुत सुंदर लग रही है। आने वाले अनंत चतुर्दशी तक भगवान गणेश की पूजा अर्चना के साथ आराधना की जाएगी एवं श्री गणेश के जयकारे गूंजेंगे।

## मॉ तुझे प्रणाम : 6 तक आमंत्रित आवेदन

**गुना।** युवाओं में राष्ट्रवाद की भावना जागृत करने और उन्हें सीमा पर सैन्य गतिविधियों से अवगत कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित मॉ तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह योजना युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की अनुभव यात्रा के साथ-साथ प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक स्थलों से परिचित कराने का अवसर प्रदान करती है। निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक विकासखंड से 10 युवाओं (5 युवक एवं 5 युवतियां) का चयन किया जाएगा। इनमें 1-1 स्थान एनसीसी, एनएसएस, खिलाड़ी, मेधावी छात्र और स्काउट के लिए आरक्षित रहेगा।

## सांदीपनि विद्यालय में मनाया गया हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प दिवस

नवभारत न्यूज

**फतेहगढ़।** लोक शिक्षण संचनालय के आदेश के तहत सांदीपनि विद्यालय, फतेहगढ़ में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से संकल्प वाचन किया। संकल्प वाचन के दौरान यह निर्णय लिया गया कि विद्यालय परिसर को स्वच्छ, अनुशासित और प्रेरणादायक वातावरण बनाने की दिशा में सभी मिलकर प्रयास करेंगे। विद्यालय की संपदा और संसाधनों को राष्ट्रधन मानते हुए उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। साथ ही, भेदभाव से मुक्त शिक्षा, आत्मविकास, चरित्र निर्माण, सेवा और समर्पण की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।



संकल्प पद में हमारा विद्यालयङ्कहमारा तीर्थ है, हमारी आत्मा का अभिमान है और राष्ट्र निर्माण का आधार है पंक्तियों का वाचन कर विद्यार्थियों को राष्ट्रहित और शिक्षा के महत्व से प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल रहा और विद्यार्थियों ने इसे आत्मगौरव तथा जिम्मेदारी का प्रतीक माना। यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ, बल्कि विद्यालय को समाज और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त मंच के रूप में स्थापित करने का संकल्प भी सुदृढ़ किया।

## लोक अदालत में अधिक से अधिक संपत्तिकर व जलकर जमा कर छूट का लाभ उठाएं : सीएमओ

**गुना।** 13 सितंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत में नगर पालिका परिषद द्वारा संपत्ति कर एवं जलकर में शासन नियम अनुसार छूट दी जाएगी। नागरिक अधिक से अधिक संख्या में अपना बकाया जलकर एवं संपत्ति कर जमा करके शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली छूट का लाभ उठाएं। डिप्टी कलेक्टर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने बताया कि आगामी 13 सितंबर को लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शासन द्वारा संपत्ति कर एवं जलकर में छूट प्रदान की जाएगी यह छूट लोक अदालत वाले दिन अर्थात 13 सितम्बर को ही मान्य रहेगी। नागरिक अपने बकाया संपत्ति कर एवं जलकर ऑनलाइन जमा करें एवं अधिक से अधिक शासन द्वारा दी जाने वाली छूट का लाभ उठाएं। उन्होंने शहर विकास के हित में अधिक से अधिक नगर पालिका के करों को जमा करने की अपील की है।

**जुलूस** — स्वच्छता टीम को अच्छे से सफाई करने के निर्देश दिए

# डोल ग्यारस के चलते सीएमओ ने किया सिंगवासा तालाब का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**गुना 2 सितम्बर. मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री द्वारा सिंगवासा तालाब पर डोल ग्यारस की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सिंगवासा तालाब पर जाकर नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वछता टीम को अच्छे से सफाई करने के निर्देश दिए साथ ही मूर्ती विसर्जन के लिए संकेतक लगाने के भी निर्देश दिए।**

उन्होंने विद्युत शाखा प्रभारी नरेंद्र नॉनेरिया को पर्याप्त विद्युत लाइट व्यवस्था करने तथा विवेक श्रीवास्तव को मूर्ती विसर्जन की पूरी व्यवस्था को ठीक से करने के निर्देश दिए इस दौरान उन्होंने तालाब में गोताखोरों की व्यवस्था करने एवं श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु आने वाले नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को पानी में नहीं उतरते की सलाह दी, साथ ही तालाब किनारे पूजन अर्चना कर गोताखोरों के को मूर्ति सुपुर्द करने एवं पूजन सामग्री निर्धारित स्थल पर डालने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री शैलेंद्र अवास्या,सुधीर श्रीवास्तव, बन्टी खरे आदि उपस्थित हुए।



### डोल ग्यारस पर रहेगा स्थानीय अवकाश

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा वर्ष 2025 हेतु जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किये गए है। घोषित स्थानीय अवकाश के तहत 3 सितम्बर 2025 डोल ग्यारस पर संपूर्ण जिला गुना के लिए स्थानीय अवकाश रहेगा। उक्त अवकाश जिले के कोषालय/उप कोषालय के लिये लागू नही रहेगा।

## डोल ग्यारस और अनंत चतुर्दशी पर पुलिस की विशेष तैयारी

**गुना।** आगामी ढोल ग्यारस और अनंत चतुर्दशी पर्व पर शहर में निकलने वाले चल समारोह के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष योजना बनाई है। 3 सितंबर को ढोल ग्यारस और 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर सुबह 10 बजे से रात 12 बजे तक पूरे शहर में यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। पुलिस द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार दो खंभा तिराहा से शहर के अंदर आने वाले सभी भारी वाहन, बसें और ट्रक पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे। इसी तरह भुल्लनपुरा तिराहा से आने वाले लोडिंग वाहन और बसों की जयस्तंभ चौराहा की ओर एंट्री बंद रहेगी। वहीं, ऊमरी रोड वायपास अंडरपास से भी किसी भी प्रकार के ट्रक और लोडिंग वाहन को शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। अशोकनगर की ओर से आने वाले सभी भारी वाहन और बसें शाडोरा, नईसरांय, म्याना मार्ग या फिर मावन से म्याना मार्ग का उपयोग करेंगे। ग्वालियर और शिवपुरी से आने वाली बसें दो खंभा,बायपास हाईवे, चिंताहरण मंदिर मार्ग से होते हुए जज्जी बस स्टैंड पहुंचेंगी और वापसी में भी इन्हीं मार्गों का उपयोग करेंगी। अशोकनगर से आने वाली बसों को पंचमुखी मंदिर से आगे शहर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

शहर के अंदर किसी भी दिशा से भारी वाहनों, ट्रैक्टर-ट्रॉली और लोडिंग वाहनों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

## पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व : धूप दशमी पर बजरंगगढ़ में निकली हाथी फेरी, शाम को मंदिरों में धूप चढ़ाने पहुंचे श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**गुना।** पर्वाधिराज पर्युषण के छठवें दिन संयम धर्म पर धूप दशमी का पर्व उल्लास और भक्तिभाव से मनाया गया। इस अवसर पर शहर के समस्त जैन मंदिरों पर जहां प्रातः श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं विधान हुए। वहीं बजरंगगढ़ स्थित पुण्योदय शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर प्रातः श्रीजी का अभिषेक, विश्व शांति की भावना से शांतिधारा, पूजन उपरांत वर्षों से चली आ रही परंपरानुसार हाथी फेरी का आयोजन किया गया। इस मौके पर लकड़ी के हाथी से मूलनायक भगवान शांतिनाथ, अरहनाथ एवं कुंथुनाथ भगवान की गुफा की सात फेरी लगाई गई। इस अवसर पर हाथी पर जिनवाणी विराजमान करने का सौभागय डॉ. प्रेमचंद जैन, सुनील कुमार जैन, डॉ. नीरज जैन ने प्राप्त किया। वहीं प्रथम फेरी अनिल कुमार, अनुज कुमार जैन छतरपुरिया परिवार, द्वितीय फेरी संजय कुमार जैन महिम जैन, तीर्थ जैन बजरंगगढ़, तृतीय फेरी संतोष कुमार जैन विक्की जैन नीमखेड़ा, चतुर्थ हाथी फेरी डॉ. राजेन्द्र कुमार गौरव जैन म्याना परिवार, पांचवीं फेरी सुनील कुमार राकेश कुमार जैन, छठवीं आशीष कुमार आयुष कुमार जैन, सातवीं फैरी रमेशचंद्र सचिन कुमार, सुबोध जैन छतरपुरिया परिवार ने निकाली। वहीं आरती का सौभागय विनोद कुमार पांड्या को मिला।



उल्लेखनीय है कि बजरंगगढ़ में प्रतिवर्ष भादो के पर्युषण पर्व पर सुगंध दशमी पर हाथी फैरी की परपंरा है। इस बारे में मंदिर अध्यक्ष इंजी एसके जैन एवं मंत्री प्रदीप जैन ने बताया कि इसकी इतिहास की सटीक जानकारी तो नहीं है लेकिन पिछले 50 से 60 सालों से यह परंपरा हमारे पूर्वज और हम खुद देखते आ रहे हैं। इधर सुंगध दशमी पर शाम को शहरभर के जैन मंदिरों पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहा। श्रद्धालु अपने परिवार सहित जैन मंदिरों पर धूप चढ़ाने पहुंचे। वहीं चंद्रप्रभु जिनालय, वासुपूज्य जिनालय एवं पार्श्वनाथ बड़ा जैन मंदिर सहित कई जैन मंदिरों पर झांकियों का आयोजन हुआ।